देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 156 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
दिलासा काफी नहीं होगा



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 26 सितंबर 2023



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 22.0°

66023.69

2 चीन के नाटो में नहीं शामिल होगा नेपाल
7 भारतीय निशानेबाजों ने रचा इतिहास

# एशियन गेम्स में बेटियों ने रच दिया इतिहास

## भारत ने एशियन गेम्स में पहली बार हिस्सा लेकर गोल्ड जीता, फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से मात दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को हांगझोऊ में इतिहास रच दिया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने एशियन गेम्स 2023 के महिला क्रिकेट के फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से पटखनी दी। भारतीय टीम ने इसी के साथ गोल्ड मेडल जीता और अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज कराया।

भारतीय टीम ने पहली बार एशियन गेम्स में हिस्सा लिया और गोल्ड मेडल जीता। क्रिकेट स्पर्धा में भारत ने पहली बार गोल्ड मेडल जीता। हांगझोऊ में खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 116 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 97 रन बना सकी।



### भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पारी का रोमांच

इससे पहले भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम को पहला झटका 16 रनों पर लगा। युवा ओपनर शेफाली वर्मा 9 रन बनाकर सुगंदिका कुमारी की गेंद पर आउट हुईं। इसके बाद स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ने मोर्चा संभाला। दोनों टीम को हाफ सेंचुरी के पार पहुंचा दिया। मंधाना हालांकि हाफ सेंचुरी के करीब थीं कि रनवीरा की गेंद पर प्रबोधिनी के हाथों लपकी गईं। उन्होंने 45 गेंदों में 4 चौके और एक छक्का के दम पर 46 रन बनाए।

**तितस सिधू ने बिखेरा जलवा**

117 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका को कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने धमाकेदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने दीप्ति शर्मा द्वारा किए पारी के पहले ओवर में एक छक्के और एक चौके के साथ 12 रन बनाए। मगर फिर भारत की युवा तेज गेंदबाज तितस सिधू ने अपना जलवा बिखेरा। उन्होंने अपने पहले ओवर में अनुष्का संजीवनी (1) और विषमी गुनारत्ने को शिकार बनाया। गुनारत्ने खाता नहीं खोल सकी। इसके बाद सिधू ने श्रीलंका को तगड़ा झटका देते हुए कप्तान चमारी अट्टापट्टू (12) को कवर्स में दीप्ति शर्मा के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद हसीनी परेरा (25) और निलाक्षी डी सिल्वा (23) के बीच साझेदारी हुई, लेकिन ये दोनों रन गति में इजाफा नहीं कर सकी।

भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल में विकेट निकाले और श्रीलंका को लक्ष्य की पहुंच से बहुत दूर रखा। राजेश्वरी गायकवाड़ ने आखिरी ओवर करते हुए भारत की जीत पर मुहर लगाई।

**मंधाना-जेमिमा ने खेली उम्दा पारी:** इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। शैफाली वर्मा (9) कुमारी ने स्टंपिंग कराया। यहां से स्मृति मंधाना (46) और जेमिमा रॉड्रिग्ज (42) ने दूसरे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी करके भारत को 100 रन के करीब पहुंचाया। ऋचा घोष (9), कप्तान हरमनप्रीत कौर (2), पूजा वस्त्राकर (2), अमनजोत कौर (1) सस्ते में पवेलियन लौटीं। जेमिमा भी आखिरी ओवर में आउट हुईं। श्रीलंका की तरफ से उदेशिका प्रबोधनी, सुगंधिका कुमारी और इनोका रणवीरा को दो–दो विकेट मिले।

### भारत को पहला गोल्ड

दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और रुद्राक्ष पाटिल ने शूटिंग टीम इवेंट में भारत के लिए गोल्ड जीता है। 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भारतीय तिकड़ी ने 1893.7 पॉइंट स्कोर किए। इस इवेंट में साउथ कोरिया ने सिल्वर और चीन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### भारत का सबसे बड़ा दल

एशियन गेम्स में इस बार भारत का सबसे बड़ा दल हिस्सा ले रहा है। कुल 655 एथलीट्स एशियन गेम्स 2023 में भारत की तरफ से दावेदारी पेश कर रहे हैं। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि मेडल की संख्या भी 100 को पार करेगी। अभी तक एशियन गेम्स में भारत का बेस्ट प्रदर्शन 2018 जकार्ता में आया था, तब कुल 70 मेडल मिले थे।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र सरकार नहीं पेश कर रही कास्ट डेटा: राहुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

छत्तीसगढ़। कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीसरी बार छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। सांसद राहुल गांधी ने कहा कि एक नया मुद्दा उठ गया है नरेंद्र मोदी जहां भी जाते हैं ओबीसी वर्ग की बात करते हैं। कांग्रेस पार्टी के पास हर जाति के लोगों का डाटा है। केंद्र सरकार के पास भी है, लेकिन नरेंद्र मोदी वह डाटा देश को नहीं दिखाना चाहते। मैं संसेक्स पर भाषण दिया जैसे कास्ट सेंस की बात करता था। कैमरा दूसरी तरफ मोड़ दिया जाता था। हिंदुस्तान की सरकार को सेक्रेटरी और कैबिनेट सेक्रेटरी चलते हैं।

### पैगंबर मोहम्मद विवाद के बाद पहली बार दिखीं नूपुर शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पैगंबर मोहम्मद पर विवादित बयान दिए जाने के बाद पहली बार नूपुर शर्मा नजर आई हैं। दरअसल, नूपुर शर्मा द वैक्सीन वॉर फिल्म के प्रमोशन इवेंट में डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री के साथ दिखाई दीं।

# जहां सरेआम गला काटने की घटनाएं, वहां निवेश कैसे

## प्रधानमंत्री मोदी का गहलोत सरकार पर हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को राजस्थान के दौरे पर हैं। पीएम जयपुर के पास एक गांव में परिवर्तन संकल्प महासभाश को संबोधित किया। अगले कुछ महीनों में प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। पीएम मोदी के इस दौरे को प्रदेश चुनावों से जोड़कर भी देख जा रहा है। कई मायनों में कहा जा सकता है कि पीएम ने राजस्थान में चुनावी बिगुल फूंक दिया है।

### पीएम का कांग्रेस पर निशाना

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति पाने का बिगुल फूंक दिया है। पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस ने जिस तरीके से यहां सरकार चलाई है, वह जीरो नंबर पाने लायक है। गहलोत सरकार ने यहां के युवाओं के 5 महत्वपूर्ण वर्ष बर्बाद कर दिए। इसलिए राजस्थान के लोगों ने ठान लिया है कि कांग्रेस सरकार को हटाएंगे और भाजपा को वापस लाएंगे।

**हम हवा-हवाई बातें नहीं करते**

पीएम मोदी ने कहा कि वो हवा–हवाई बातें नहीं करते, क्योंकि मोदी के पांव पूरी मजबूती से जमीन पर ही रहते हैं। इसलिए बीते 9 वर्षों में हमने सामान्य से सामान्य लोगों की छोटी से छोटी कठिनाइयों को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम चला रहे हैं, राजस्थान इसका बड़ा लाभार्थी है। राजस्थान के सीमावर्ती गांवों में कांग्रेस ने सुविधाओं का निर्माण नहीं किया।

**तीस साल पहले कर सकते थे यह काम:** पीएम मोदी ने कहा कि जो कांग्रेसी आज महिला आरक्षण की बात कर रहे हैं, ये काम वो 30 साल पहले कर सकते थे। जब–जब मौका मिला तब कर सकते थे। लेकिन सच्चाई ये है कि कांग्रेसी कभी चाहते ही नहीं थे कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिले।

**पेपर लीक माफिया पर होगी कार्रवाई:** पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद पेपर लीक माफिया पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।

# उत्तराखंड में 30 नवंबर तक गड्ढा मुक्त होंगी सड़कें

**संवाददाता**

देहरादून। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने लोक निर्माण विभाग को 30 नवम्बर तक सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने तथा शहरी विकास विभाग को शहरी क्षेत्रों में प्लास्टिक और कूड़ा निस्तारण के लिए जल्द से जल्द एक मजबूत सिस्टम तैयार करने हेतु सख्त हिदायत दी हैं। इसके साथ ही एसीएस ने सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाओं को तेजी से पूरा करने के लिए शासन स्तर से धरातल स्तर तक समय सीमा निर्धारित की जाय। मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन को शीर्ष प्राथमिकता पर लिया जाय।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानसून अवधि में अतिवृष्टि के कारण विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों में जो गड्ढे हुए हैं, उन सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने के लिए तेजी से कार्यवाही की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिये हैं। विधायकों द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्रों में जिन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किये जाने की अपेक्षा की गई है, उनमें त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

### निर्देश

■एसीएस राधा रतूड़ी ने मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की

**सीएम घोषणाओं की विभागीय सचिव के स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा बैठकों के क्रम में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में लोक निर्माण, शहरी विकास, आवास और औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये गए हैं कि मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागीय सचिव के स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाय। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी घोषणाओं को पूर्ण करने के लिए समय सीमा निर्धारित हो।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारतीय वायुसेना के लिए नए युग की शुरुआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

गाजियाबाद। सी–295 विमान भारतीय वायुसेना का हिस्सा बन गया है। पूर्व वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने सी–295 के भारतीय वायुसेना में शामिल होने को एक नया युग बताया है। आरकेएस भदौरिया ने सोमवार को कहा कि सी–295 विमान का भारतीय वायुसेना का हिस्सा बनना एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि यह विमान आने वाले समय में वायुसेना की रीढ़ बन जाएगा। पूर्व वायुसेना प्रमुख भदौरिया ने कहा कि यह विमान अत्याधुनिक और सक्षम है। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय वायुसेना के लिए एक ऐतिहासिक है। सी–295 टेक्निकल मिलिट्री एयरलिफ्ट विमान का वायुसेना में शामिल होना एक नए युग की शुरुआत है।

### वायुसेना की रीढ़ बनेगा सी–295 विमान: पूर्व वायुसेना प्रमुख

पूर्व वायुसेना प्रमुख ने कहा कि सी–295 विमान भारतीय वायुसेना के लिए एक गेम चेंजर साबित होगा। भदौरिया ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम जो विमान वायुसेना में शामिल कर रहे हैं वह अत्याधुनिक है और भविष्य के लिए कई चिंता की बात नहीं है।

## न्यूज डायरी



### सभी हिंदू इस्लाम के सच को समझें, एक सदी तक करेंगे इंतजार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल–हक–काकर का तीन साल पुराना बयान सामने आया है। अब इस बयान के बाद वह आलोचकों के निशाने पर हैं। एक तरफ तो उनके देश में हिंदुओं को लाचारी में दिन गुजारने पड़ रहे हैं तो साल 2020 में काकर कह रहे थे कि सभी हिंदुओं को इस्लाम कबूल कर लेना चाहिए। उनका बयान तब सामने आया है जब विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी ने हैरान करते हुए दावा किया था कि हिंदू धर्म पाकिस्तान में ही पनपा है। हलांकि जिलानी के बयान पर कई लोग उनका मजाक भी उड़ा रहे हैं। पाकिस्तानी पीएम काकर ने 25 सितंबर 2020 को उस समय हिंदुओं को लेकर टिप्पणी की थी जब संयुक्त राष्ट्र महासभा (उंगा) का सत्र चल रहा था। दुनिया उस समय कोविड–19 महामारी से जूझ रही थी लेकिन पाकिस्तान के नेता अपना प्रपोगेंडा फैलाने में लगे हुए थे। महासभा के दौरान भारत का प्रतिनिधिदल उस समय वॉकआउट कर गया जब तत्कालीन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने संबोधन में फिर से भारत पर हमला बोलना शुरू किया।

### नाइजर के सैन्य तानाशाह के आगे झुके राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों करीब दो महीने तक प्रतिरोध के बाद नाइजर से अपने राजदूत और फ्रांसीसी सेना को हटाने के लिए तैयार हो गए हैं। पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर में तख्तापलट के बाद नए सैन्य तानाशाह ने फ्रांस को अपने राजदूत और सेना को हटाने के लिए कहा था। मैक्रों इसके लिए तैयार नहीं थे लेकिन अब दबाव के बाद वह मानने के लिए मजबूर हो गए हैं। इससे पहले तख्तापलट के दौरान नाइजर की सेना ने फ्रांस समर्थक राष्ट्रपति को सत्ता से हटा दिया था। फ्रांस के राष्ट्रपति ने अपने सैनिकों को हटाने का ऐलान किया है। मैक्रों ने कहा, फ्रांस ने अपने राजदूत को हटाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ घंटे में हमारे राजदूत और अन्य राजनयिक फ्रांस वापस लौट आएंगे। नाइजर की सेना ने फ्रांसीसी विमानों को अपने हवाई क्षेत्र से उड़ने पर रोक लगा दी है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि नाइजर की सेना फ्रांसीसी विमानों को राजदूत को वापस ले जाने के लिए अनुमति देंगे या नहीं। नाइजर की संप्रभुता की दिशा में एक नया कदम है।

### नई वीजा–मुक्त नीति के तहत थाईलैंड में आए चीनी पर्यटक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकॉक। थाईलैंड सरकार चीन के यात्रियों को लुभाने के लिए वीजा–मुक्त प्रवेश कार्यक्रम चला रही है। नए वीजा–मुक्त प्रवेश कार्यक्रम तहत शीर्ष थाई अधिकारियों ने सोमवार को बैंकॉक के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों चीनी पर्यटकों का स्वागत किया। अधिकारियों का कहना है कि इससे देश के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा जो कोरोनोवायरस महामारी से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने यात्रियों को उपहार दिए और तस्वीरें खिंचवाईं। वहीं, उनके पर्यटन मंत्री और अन्य वीआईपी ने शंघाई के लगभग 300 यात्रियों का स्वागत किया। आश्चर्यचकित पर्यटकों का सुवर्णभूमि हवाई अड्डे के आगमन क्षेत्र के अंदर थाई पारंपरिक नर्तकियों और ढोल वादकों द्वारा मनोरंजन किया गया। पीएम श्रीथा ने संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि यह नीति अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा देगी। पर्यटकों के सुरक्षा को लेकर श्रीथा ने कहा कि यह अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सर्वेक्षण के मुताबिक राष्ट्रपति की रेस में ट्रंप ने जो बाइडन को पछाड़ दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में अगले साल राष्ट्रपति चुनाव होना है। माना जा रहा है कि इस बार भी चुनाव में मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच टक्कर होने वाली है। इसी बीच रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। वॉशिंगटन पोस्ट और एबीसी न्यूज के एक नए सर्वेक्षण के मुताबिक, आगामी राष्ट्रपति चुनाव की रेस में फिलहाल डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडन को पछाड़ दिया है।

# पीएम ट्रूडो ने भारत पर आरोप लगाकर बढ़ा ली अपनी मुसीबतें

आरोप

## शक्तिशाली भारत से क्यों लिया पंगा...,विपक्ष ने घेरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक हफ्ते पहले भारत को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का दोषी ठहरा दिया है। लेकिन अब उनका यह दांव उन पर ही भारी पड़ता हुआ नजर आ रहा है। कनाडा में विपक्ष के नेता एंड्रयू शीर ने उसी संसद में ट्रूडो से सवाल पूछे हैं जहां पर पीएम ने भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए थे। शीर ने ट्रूडो से पूछा है कि आखिर क्यों उन्होंने एशियाई शक्ति से पंगा लिया है? शीर से पहले एक और विपक्षी नेता पियरे पोइलिवरे ने भी ट्रूडो को घेरा था। शीर ने ट्रूडो पर जो भी आरोप लगाए हैं, उसकी वजह से उन्हें काफी सराहा जा रहा है।

**ट्रूडो की आलोचनाः** एंड्रयू शीर ने बिना सबूत के भारत के खिलाफ साजिश की बातों के लिए पीएम ट्रूडो की आलोचना की। कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में हाल के संसदीय सत्र में, विपक्षी नेता ने ट्रूडो से सवाल



पूछा कि उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और एशिया की सबसे बड़ी शक्ति भारत के साथ संबंधों में खटास लाने में कामयाबी कैसे हासिल की? शीर ने ट्रूडो से ऐसे विचित्र दावे करने से पहले ठोस सबूत प्रदान देने का आग्रह किया है। शीर ने सदन में ट्रूडो पर निशाना साधा।

**साजिश के सबूत दें:** उन्होंने कहा, निराधार और अस्वीकार्य, इस तरह से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री के विचित्र आरोपों का जिक्र किया है। भारत सरकार ने कहा है कि एक दोषी आतंकवादी की मौत कैसे भारत सरकार के लिए काम करने वाले एजेंटों की गलती हो सकती है। विपक्षी नेता शीर ने जोर देकर कि ट्रूडो की अक्षमता ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और एशिया में उभरती शक्ति के साथ कनाडा के संबंधों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने ट्रूडो से पूछा, क्या पीएम आखिरकार सही काम करेंगे और अपनी साजिश के सिद्धांत को साबित करने के लिए कोई सबूत पेश करेंगे। कनाडा की धरती पर किसी दोषी आतंकवादी की मौजूदगी भारत की जिम्मेदारी नहीं है।

**लगातार आक्रामक है विपक्षः** ट्रूडो ने भारत सरकार पर आरोप लगाया है कि खालिस्तान समर्थक आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट शामिल थे। भारत ने ट्रूडो के दावों को बेतुका बताते हुए आरोपों का जोरदार खंडन किया। ट्रूडो के आरोपों के चलते दोनों देशों ने वरिष्ठ राजनयिकों को निकाल दिया है और कनाडा–भारत संबंधों पर कई प्रतिबंध भी लगा दिए हैं। इससे पहले पियरे पोइलिवरे ने कहा था कि ट्रूडो ने जो कुछ भी कहा है उन्हें सभी तथ्यों के साथ अपने सच को साबित करना चाहिए। प्रधानमंत्री को सभी तथ्यों के साथ साफ रूप से सामने आने की जरूरत है ताकि कनाडा के लोग उस पर कोई निर्णय ले सकें।

## चीन के नाटो में नहीं शामिल होगा नेपाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। चीन के दौरे पहुंचे नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने बड़ा ऐलान किया है। पीएम प्रचंड ने चीनी नेतृत्व को साफ–साफ कह दिया है कि उनका देश चीन के सैन्य गठबंधन ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव या जीएसआई में शामिल नहीं होगा। चीन के जीएसआई को एशियाई नाटो कहा जाता है जो वह भारत, अमेरिका की सदस्यता वाले क्वॉड को टक्कर देने के लिए बना रहा है। चीन लगातार दबाव डाल रहा है कि नेपाल भी इस जीएसआई का हिस्सा बने। वहीं भारत के पड़ोसी दोस्त देश नेपाल ने साफ कह दिया है कि वह किसी भी सैन्य गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगा।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक अब चीन ने जबरन पीएम प्रचंड और चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ मुलाकात के बाद आज जारी होने वाले बयान में इसे शामिल करने पर कोशिश तेज कर दी है, वहीं नेपाली नेतृत्व इसको लेकर भ्रम की स्थिति में है। इससे पहले प्रचंड ने साफ कर दिया था कि उनका देश किसी भी सुरक्षा से जुड़े गठबंधन में शामिल नहीं होगा। उन्होंने चीन के बीआरआई के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा था कि चीन जीएसआई, जीसीआई और जीडीआई में शामिल होने के लिए जोर दे रहा है।



अमेरिका में बना भारत के बाहर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मंदिर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारत से हजारों किमी की दूरी पर न्यू जर्सी के रॉबिन्सविले में अमेरिका का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम है। यह मंदिर भगवान स्वामीनारायण को समर्पित है। उनके 5वें आध्यात्मिक उत्तराधिकारी और प्रसिद्ध संत प्रमुख स्वामी महाराज से प्रेरित है। उन्होंने लाखों लोगों के जीवन को बदला। लोगों को वासना क्रोध, लालच और ईर्ष्या से दूर किया। इस ग्रैंड टेंपल का निर्माण 2015 में शुरू हुआ। इसका उद्घाटन 8 अक्टूबर 2023 को महंत स्वामी महाराज और अन्य लोगों की ओर से किया जाएगा। यज्ञेश पटेल ने कहा, श्यहां इतिहास को तराशा जा रहा है। मंदिर को सभी आगंतुकों के लिए खोलने से वे भारतीय कला और संस्कृति सीखेंगे। अमेरिका के लिए भी यह गर्व का पल है।

## भारत–अमेरिका के मिडिल ईस्ट कॉरिडोर से सहमा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। भारत, अमेरिका, सऊदी अरब और यूएई के मिडिल ईस्ट कॉरिडोर के ऐलान के बाद अब चीन भी एक्शन में आ गया है। चीन ने अरब देशों के बीच में बीआरआई को लेकर सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया है। चीन ने बीआरआई के सदस्य अरब देशों के साथ ट्रेड फेयर का आयोजन किया है जिसमें 23 अरब डॉलर से ज्यादा की डील हुई है। इस ट्रेड फेयर में मिस्र, सऊदी अरब और कतर समेत 60 देशों ने हिस्सा लिया। चीन ने पिछले कुछ समय से खाड़ी देशों के साथ अपनी दोस्ती को काफी बढ़ा दिया है। विशेषज्ञों के मुताबिक चीन की कोशिश है कि अमेरिका का इस

**मिस्र, सऊदी अरब और कतर समेत 60 देशों ने लिया हिस्सा**

इलाके पर प्रभाव कम हो रहा है और उसका फायदा उठाया जा सकता है।

चीन की नजर मिडिल ईस्ट कॉरिडोर पर भी है और इसी वजह से वह बीआरआई को अब तेजी से आगे बढ़ाना चाहता है। चीन ने व्यापार के साथ–साथ खाड़ी के दो बड़े दुश्मनों ईरान और सऊदी अरब के बीच शांति डील कराई थी। इस ट्रेड फेयर में आए अरब देशों ने कृषि के क्षेत्र में आदान–प्रदान बढ़ाने पर सहमति जताई है। दरअसल, खाड़ी देशों में अमेरिका के घटते प्रभाव के बीच चीन अब इस इलाके का बड़ा खिलाड़ी बन गया है। जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरिडोर के ऐलान से जहां इस इलाके में काफी उत्साह है तो कई देशों को चिंता भी सता रही है।

चीन के विशेषज्ञ अब बीआरआई को टक्कर देने के लिए डिजाइन किए गए इस भारतीय कॉरिडोर की कमियां निकालने में जुट गए हैं और वे इसे केवल कल्पना करार दे रहे हैं। चीनी विशेषज्ञ वांग शियाओयू कहते हैं कि यह कहना कठिन है कि भारतीय कॉरिडोर चीन के बीआरआई को टक्कर दे पाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका, कुछ यूरोपीय देश और भारत कैसे इसे क्रियान्वित करेंगे या कैसे इसके लिए पैसा जुटाएंगे, यह देखना होगा।

### पाकिस्तान के पत्रकार इमरान रियाज खान लौटे अपने घर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। यूट्यूब पर तीन मिलियन से अधिक फॉलोअर्स वाले विवादास्पद 47 वर्षीय टीवी एंकर और कमेंटेटर को कथित तौर पर मई गिरफ्तार किया गया था। यह गिरफ्तारी पाकिस्तान पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद देश भर में हिंसक विरोध प्रदर्शन के दो दिन बाद किया गया था। डॉन ने सोमवार सुबह सियालकोट पुलिस का हवाला देते हुए बताया कि पाकिस्तानी पत्रकार और राजनीतिक टिप्पणीकार इमरान रियाज खान, जो चार महीने से अधिक समय से लापता थे, मिल गए हैं और अब अपने परिवार के साथ हैं। डॉन ने बताया कि रियाज खान को आखिरी बार गिरफ्तारी के बाद कैंट पुलिस स्टेशन और बाद में सियालकोट जेल ले जाने की जानकारी थी। 15 मई को एक कानून अधिकारी ने लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) को बताया कि पत्रकार को लिखित में शपथ लेने के बाद जेल से रिहा कर दिया गया था।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# ऐतिहासिक गौचर मेले की तैयारियां हो गई प्रारंभ

बैठक

## सात दिनों तक चलने वाला गौचर का लोकप्रिय मेला 14 नवंबर से होगा शुरू

संवाददाता

चमोली। ऐतिहासिक गौचर मेले की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। उत्तराखंड की संस्कृति, बाजार और उद्योग तीनों के समन्वय से सात दिनों तक चलने वाला गौचर का लोकप्रिय मेला 14 नवंबर से शुरू होगा।

राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेले की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी/मेला अध्यक्ष हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में राइका गौचर सभागार में पहली बैठक हुई। जिसमें मेले को भव्य स्वरूप देने एवं मेले के सफल आयोजन हेतु जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय लोगों से महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। मेले के आयोजन के संबंध में विभिन्न विभागों के साथ जरूरी व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श भी किया गया।



जिलाधिकारी/मेला अध्यक्ष ने कहा कि गौचर मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। अपनी संस्कृति को संरक्षित रखने हेतु इस राजकीय मेले में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहरी जनपदों एवं राज्यों के कलाकारों को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए। ताकि सभी के अनुभव एवं विचारों के साथ हम निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सके और गौचर मेले की ख्याति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात हो सके। उन्होंने कहा कि गौचर मेले के सफल आयोजन के लिए हमें स्वच्छता, संस्कृति, स्वरोजगार और सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय लोगों के सुझावों को मेला समिति में रखकर गम्भीरता से विचार किया जाएगा और सबके सहयोग से मेले को आकर्षक एवं भव्य ढंग से आयोजन कराया जाएगा। मेले में उच्च स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मेले के दौरान गौचर बाजार और क्षेत्र का विशेष सौन्दर्यीकरण, नगर में पार्किंग, परिवहन, साफ-सफाई एवं सुरक्षा के सभी इंतेजाम किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने एसडीएम/मेला अधिकारी को मेला समिति के अन्तर्गत शीघ्र सभी समितियों का गठन करने के निर्देश दिए। कहा कि समितियों के दायित्व निर्धारित करते हुए जिम्मेदारी तय की जाए।

मेला अधिकारी/उप जिलाधिकारी कमलेश मेहता ने मेले की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए मेले के सफल आयोजन हेतु सभी लोगों से सहयोग की अपील की। कहा कि सभी लोगों के सुझावों पर गम्भीरता से विचार किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने विगत गौचर मेले के आय-व्यय विवरण के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी।

बैठक में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय लोगों ने मेले के भव्य एवं सफल आयोजन के लिए अपने-अपने सुझाव रखे। इस दौरान मेले की विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

## न्यूज डायरी

### नेटवाड के प्रभावित परिवारों का धरना प्रदर्शन जारी

**संवाददाता** पुरोला। टौंस नदी मोरी पर निर्माणाधीन 60 मेगावाट की सतलुज जल विद्युत परियोजना के बैराज निमार्ण में जबरन अधिग्रहित 27 नाली (0.546 हेक्टेयर) कृषि भूमि का मुआवजे की मांग को लेकर नेटवाड के प्रभावित परिवारों का धरना प्रदर्शन सोमवार को चौथे दिन भी जारी रहा। दूसरी ओर सोमवार को परियोजना प्रबंधन व प्रभावितों की मांग पर राजस्व टीम ने भी दिनभर भूमि की नाप जोख करने एवं दोनों पक्षों को समझानें में जुटा रहा। उल्लेखनीय है कि 2006 से टौंस नदी पर प्रस्तावित मोरी नेटवाड 60 मेगावाट जल परियोजना का निर्माण कार्य 2018 में शुरु हुआ। नेटवाड गांव के प्रभावित परिवारों ने परियोजना प्रबंधन पर प्रभावितों को बगैर बताये जबरन बैराज निमार्ण में 27 नाली अर्थात 0.546 हेक्टेयर कृषि भूमि अधिकृत करनें का आरोप लगाया। जिसको लेकर नेटवाड गांव के प्रभावित भू-स्वामियों का चार दिन से मुआवजे की मांग को लेकर बैराज स्थल पर आंदोलन धरना व प्रदर्शन कर स्थानीय प्रशासन एवं परियोजना प्रबंधन से अधिग्रहित कृषि भूमि का सीमांकन करनें,वर्तमान दरों पर मुआवजा देने की मांग पर अड़े हैं।

### शिकायतों को संबंधित विभागों को एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में लगे जन संवाद कार्यक्रम में जनपदभर से लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। संवाद कार्यक्रम में मनरेगा, बिजली-पानी आपूर्ति, आवास समेत अन्य मुद्दों पर 17 शिकायतें मिली, जिसमें से 11 का जिलाधिकारी ने मौके पर ही निराकरण करवाया। वहीं अन्य शिकायतों को संबंधित विभागों को एक सप्ताह के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए।

### टीकेएम ने तीसरे ग्रेट 4गुण4 एक्सपेडिशन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारत के उत्तरी क्षेत्र में अपने रोमांचक ग्रेट 4गुण4 एक्सपेडिशन के तीसरे चरण की शुरुआत की। मई 2023 में, टीकेएम ने अपना शुरुआती 4गुण4 अभियान भारत के दक्षिणी क्षेत्र (कर्नाटक राज्य के सकलेशपुर – हसन) में प्रारंभ किया था। इसके बाद दूसरा अभियान हाल ही में पश्चिम क्षेत्र के लोनावाला में आयोजित किया गया। कहने की जरुरत नहीं है कि हाल ही में संपन्न दक्षिण और पश्चिम आधारित ग्रेट 4गुण4 एक्सपेडिशन बाई टोयोटा असीमित उत्साह और रोमांच से भरा था। प्रतिभागियों को विशेष रूप से क्यूरेटेड ड्राइव और लुभावने हरे-भरे परिदृश्यों का आनंद मिला।

# सीएचसी और हेल्थ वेलनेस सेंटरों में लगाए जाय स्वास्थ्य मेले

**संवाददाता** चम्पावत। जिला कार्यालय सभागार में 'आयुष्मान भव:' कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सोमवार को जिला अधिकारी नवनीत पांडे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 2 अक्टूबर तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें 5 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक नागरिक का आभा पोर्टल में पंजीकरण किया जाएगा' जिले में वर्तमान तक 67000 लोगों का पंजीकरण आभा पोर्टल में हो गए हैं। 'आभा में पंजीकरण का उदेश्य व्यक्ति के स्वास्थ्य के बारे में एक क्लिक में उस व्यक्ति के स्वास्थ्य के सम्पूर्ण इतिहास के बारे में जानकारी मिलेगी'

इसके अतिरिक्त 'आयुष्मान कार्ड भी इसी अभियान के अंतर्गत सभी कॉमन सर्विस सेन्टर में बनाए जाएंगे' बनाया जाएगा। साथ ही अभियान के अंतर्गत 'रक्तदान हेतु ई रक्तकोष में भी पंजीकरण किया जाएगा इस अभियान के 'अंतर्गत' इस अभियान के 'अंतर्गत चौथा कार्यक्रम अंगदान है जो भी इच्छुक व्यक्ति जो अंगदान करना चाहता है वह इस हेतु भी निध्ांरित पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकता है'।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने आयुष्मान भव योजना को तहत आयोजित इस कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के 5 वर्ष से अधिक उम्र के शत प्रतिशत लोगों के आभा में पंजीकरण अथवा आई डी बनाए जाने हेतु जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष अभियान चलाएं तथा लोगों को इस हेतु जागरूक भी करें।



### सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान और अंगदान में सभी आगे आए: जिलाधिकारी'

**संवाददाता** पौड़ी। मेडिकल कॉलेज के बेस चिकित्सालय के ब्लड बैंक सेंटर में पहुंचकर डीएम गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान ने सोमवार को रक्तदान किया। डीएम गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि ब्लड डोनेशन के लिए आयुष्मान भवरू कार्यक्रम के तहत आम नागरिको के साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों को आगे आना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान जैसे कार्यक्रम में सभी प्रतिभाग करना चाहिए, ताकि जरूतरमंद लोगों को रक्त की कमी ना रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान के साथ ही अंगदान को बढ़ावा देने के लिए जागरूता अभियान चलाये जा रहे है। साथ ही उन्होंने सभी को आयुष्मान कार्ड बनाने तथा आभा कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया।

# यात्रा पथ को इकोनॉमी से जोड़ने के बाद यह मार्ग विश्व पटल पर उभरकर सामने आएगा

**संवाददाता** पौड़ी। जिला प्रशासन गढ़वाल की पहल पर मध्य हिमालय के पारंपरिक यात्रा पथ (प्रथम भाग) ऋषिकेश से देवप्रयाग के संबंध में जानकारी जुटाने व जानकारियों को साझा करने के लिए पर्यटन विभाग व एचएनबी के एआईएचसी व पुरातत्व अनुभाग के संयुक्त तत्वाधान में एचएनबी चौरास के एक्टिविटी सेंटर में जिलाधिकारी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।



जिलाधिकारी ने सेमिनार में उपस्थित यूनिवर्सिटी के छात्रों को इस पारंपरिक पथ की यात्रा करने से साक्ष्य व जानकारियां जुटाना को कहा है। उन्होंने पारंपरिक यात्रा पथ के संबंध में और अधिक जानकारियां जुटाने के लिए विभिन्न सम्राटों और आक्रान्ताओं की कर वसूल करने की प्रणाली, एन्त्रोपॉलोजीकल, बरसात में रिवर पास का तरीका, आर्कियोलॉजिकल, लोक संस्कृतियों, व्यापारिक दृष्टिकोण से सोचने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस यात्रा पथ को समझे जाने की आवश्यकता है। इस हेतु युवाओं को बहुत मेहनत किये जाने की आवश्यता है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा पथ को इकोनॉमी से जोड़ने के बाद यह मार्ग विश्व पटल पर उभरकर सामने आएगा। इस अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक से श्रीनगर को मुक्त करने के लिए नगर आयुक्त श्रीनगर द्वारा तैयार किए गए जूट के थैलों का भी सेमिनार में आए छात्रों में वितरण किया गया।

### प्रत्येक माह के पहले व तीसरे मंगलवार को तहसील दिवस होंगे आयोजित

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जन समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से जनपद के अंतर्गत प्रत्येक माह के पहले व तीसरे मंगलवार को तहसील दिवस आयोजित किए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी वीर सिंह बुदियाल ने आगामी अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर माह में आयोजित होने वाले तहसील दिवस हेतु रोस्टर जारी किया है।

अपर जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार उनकी अध्यक्षता में 03 अक्टूबर को रुद्रप्रयाग में जबकि 07 नवंबर को बसुकेदार में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 17 अक्टूबर को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जखोली व 05 दिसंबर को रुद्रप्रयाग में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 21 नवंबर को ऊखीमठ जबकि 19 दिसंबर को जखोली में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को उनसे संबंधित आयोजित होने वाले तहसील दिवस हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# दिलासा काफी नहीं होगा

**सभी एक ही पाले में खड़े नजर आ रहे हैं तो बीजेपी के लिए यह दिलासा काफी नहीं होगा। फिर भी अगर इंडिया गठबंधन के नजरिए से देखें तो झारखंड की डुमरी और यूपी की घोसी, ये दोनों सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण सीटें कही जाएंगी।**

आरती शाह।।

छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर मंगलवार को हुए उपचुनावों के नतीजों पर खास ध्यान दिया जा रहा था तो उसके पीछे सबसे बड़ी वजह थी इसकी टाइमिंग। यह विपक्ष का इंडिया गठबंधन बनने के बाद होने वाला पहला चुनावी टकराव था। इसका क्षेत्र भी बड़ा व्यापक था। उत्तर के झारखंड, यूपी और उत्तराखंड से लेकर पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और दक्षिण के केरल तक की सीटों पर मुकाबला हुआ। दूसरी बात यह कि ये उपचुनाव पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों और फिर लोकसभा चुनावों से ठीक पहले हुए थे। बहरहाल, संख्या के लिहाज से देखा जाए तो इन चुनाव नतीजों को मिला-जुला ही कहना होगा। सात सीटों में से तीन बीजेपी के खाते में गईं और चार विपक्षी दलों में से किसी न किसी के हिस्से में। लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि केरल (पुतुपल्ली) में बीजेपी मुकाबले में ही नहीं थी। वहां टक्कर कांग्रेस की अगुआई वाली UDF और LDF के बीच था जिसमें कांग्रेस-UDF ने बाजी मारी। ऐसे देखें तो स्कोरकार्ड तीन-तीन का बनता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर बीजेपी की भारी जीत बताती है कि वहां लेफ्ट पार्टियों के लिए आगे की राह सचमुच मुश्किल है। हालांकि लेफ्ट पार्टियों ने वहां चुनावी धांधली के आरोप लगाते हुए मतगणना का बहिष्कार कर रखा था। लेकिन इस बारे में जब तक विश्वसनीय जांच से कुछ स्थापित नहीं होता, तब तक सिर्फ आरोप के बिना पर कोई नतीजा नहीं निकाला जा सकता। पश्चिम बंगाल (धुपगुड़ी) में विपक्ष का कोई साझा उम्मीदवार नहीं था। तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी के अलावा वहां लेफ्ट पार्टियों का भी एक प्रत्याशी था, जिसे कांग्रेस ने समर्थन दिया था। जीत तृणमूल कांग्रेस को मिली और निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजेपी का रहा। बीजेपी यह कहकर खुश हो सकती थी कि वहां तृणमूल के मुकाबले में वही है और उसने कांग्रेस व लेफ्ट को पीछे धकेल दिया है। लेकिन चूंकि अब लोकसभा चुनावों के लिहाज से लेफ्ट दल, कांग्रेस और तृणमूल- सभी एक ही पाले में खड़े नजर आ रहे हैं तो बीजेपी के लिए यह दिलासा काफी नहीं होगा। फिर भी अगर इंडिया गठबंधन के नजरिए से देखें तो झारखंड की डुमरी और यूपी की घोसी, ये दोनों सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण सीटें कही जाएंगी। डुमरी में हालांकि झारखंड मुक्ति मोर्चा का मुकाबला ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन से था लेकिन श्रडड प्रत्याशी को इंडिया गठबंधन का समर्थन हासिल था।



घोसी की अहमियत इस बात में थी कि वहां समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ विपक्षी खेमे के किसी भी दल ने उम्मीदवार खड़ा नहीं किया था। ऐसे में झारखंड के डुमरी में श्रडड और यूपी के घोसी में समाजवादी पार्टी की जीत के खास मायने हो जाते हैं। जाहिर है, बीजेपी इंडिया गठबंधन को हलके में लेने का जोखिम नहीं उठा सकती।

## निःस्वार्थ भाव




अशोक वोहरा।

हे राजन, हर धर्म कर्म हो सकता है किन्तु हर कर्म, धर्म नहीं हो सकता। पुण्य कर्म करते समय तुम्हे धर्म कर्म दोनों को साथ लेकर चलना होगा। तुम्हारे द्वारा किये जाने वाली किसी भी प्रकार की क्रियाओ से किसी भी मनुष्य एवं जीव जंतुओ को हानि ना पहुंचे। राजन ने सवाल किया, की पुण्य कर्म क्या होते है। संत ने उत्तर दिया, जब इंसान अपने किसी भी स्वार्थ की वजह से किसी की मदद करता है तो यह एक साधारण कर्म है। जब मनुष्य निःस्वार्थ भाव से अपने या अपनों के लिए जैसे कोई भी जान पहचान वाले के लिए सेवा मदद करता है तो वह कर्म एक सद कर्म कहलाता है। जब भी मनुष्य नजीवन मे अपनों के साथ साथ उन सभी मनुस्य एवं जीवो के लिए निःस्वार्थ भाव से सेवा मदद करता है तो वह पुण्य कर्म कहलाता है।

## संपादकीय

### चंद्रयान और आईटीटी

विचार योग्य तथ्य यह है कि इसरो की चंद्रयान-3 टीम में प्प्ज का एक भी ग्रेजुएट नहीं था। फिर भी युवाओं के दिमाग में यदि यह भरा जा रहा है कि आईआईटियन नहीं तो फ्यूचर नहीं। इसी कॉन्सेप्ट को लेकर देश भर के करीब चार से पांच लाख युवा कोटा शहर में अपने दिमागों को पन्नों पर घिस रहे हैं तो इसका निर्णय लेने वाले लोग कितने सही हैं और कितने गलत यह आपको विचार करना है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि लाइफ न ही रेस है और न सपना। 9वीं क्लास से ही कोचिंग सिस्टम आईटीटी और NEET के लिए कोर्सेज शुरू कर देते हैं। बच्चों के करियर को लेकर चिंतित ज्यादातर माता-पिता बच्चे का भविष्य सुनिश्चित करने की ख्वाहिश में अपने बच्चे एक तरह से उन संस्थाओं के हवाले कर देते हैं। यहां बच्चों के लिए 'माय टाइम' कोई सब्जेक्ट नहीं रह जाता है। वह कोचिंग टाइम, स्कूल टाइम, होमवर्क टाइम, टेस्ट टाइम, प्रैक्टिस टाइम में बंट जाता है। कुल मिलाकर बच्चे के लिए 'माय लाइफ' के ऑब्जेक्टिव के स्थान पर 'देयर एक्सपेक्टेशंस' का आना खतरनाक साबित होता है। इसके लिए पैरेंट्स के साथ राज्य सरकारों को भी संवेदनशील होने की जरूरत है। इस दृष्टि से उत्तर प्रदेश ने एक बेहतरीन मिसाल पेश की। यह एक हकीकत है जिसमें परफेक्शन नहीं, संतुष्टि जरूरी है।

यही स्टूडेंट पर प्रेशर बनाती है। धीरे-धीरे प्रेशर बढ़ता जाता है और जब यह उस हद तक पहुंच जाता है जहां किसी युवा को संभावनाएं शून्य लगने लगती हैं, तो वह अपनी जिंदगी समाप्त कर लेता है।

# 'कोटा मॉडल' का फेल होना

रहीस सिंह।

अरस्तू ने कहा है ना, 'जिन्होंने मनुष्य पर शासन करने की कला का अध्ययन किया है, उन्हें यह विश्वास हो गया है कि युवकों की शिक्षा पर ही राज्य का भाग्य आधारित है।' यह सच भी है, लेकिन यदि राज्य के भाग्य निर्माण की प्रक्रिया में युवा हारने लगे तो हमें मान लेना चाहिए कि सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाएं अपना काम सही ढंग से नहीं कर रही हैं। देश में करियर बनाने की राह पर निकले युवाओं की आत्महत्या के विचलित करने वाले मामले इस उक्ति और उसकी इस व्याख्या को खास बना देती है। बीती 28 अगस्त को राजस्थान के कोटा शहर में 4 घंटे के भीतर JEE/NEET की तैयारी कर रहे दो बच्चों ने आत्महत्या कर ली। यह कोई विरला मामला नहीं है बल्कि अगस्त माह में कुल 6 या 7 बच्चे और जनवरी से लेकर अब तक 24 बच्चे आत्महत्या कर चुके हैं।

इस आलेख की तैयारी के क्रम में मैंने एक ऐसी लड़की से बात की, जो स्वयं कोटा में रहकर तैयारी कर चुकी है। उसका कहना था कि इन घटनाओं का कारण है 'कोटा मॉडल' का फेल होना। 'कोटा मॉडल' का मतलब उस एजुकेशन इंडस्ट्री से है, जहां स्टूडेंट को एक ही जगह पर सब कुछ उपलब्ध हो जाए यानी बेस्ट एक्सपर्ट्स, बेस्ट स्टडी मटीरियल, बेस्ट लाइब्रेरीज,



बेस्ट करियर काउंसलर, बेस्ट साइको एक्सपर्ट (मनोचिकित्सक), पर्सनल इंटरैक्शन सिस्टम और बेहतर वातावरण आदि। लेकिन हकीकत यह है कि आज वहां ना बेहतर मैनेजमेंट है, ना बेहतर काउंसलिंग और न ही मनोचिकित्सक जैसी सुविधाएं। सब कुछ लक पर निर्भर है। यानी लक अच्छा हुआ तो एक्सपर्ट अच्छा मिलेगा, स्टडी मटीरियल अच्छा मिलेगा, नहीं तो आप दोनों से ही वंचित रह जाएंगे। यही स्टूडेंट पर प्रेशर बनाती है। धीरे-धीरे प्रेशर बढ़ता जाता है और जब यह उस हद तक पहुंच जाता है जहां किसी युवा को संभावनाएं शून्य लगने लगती हैं, तो वह अपनी जिंदगी समाप्त कर लेता है।

खास बात यह कि ऐसा अक्सर मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चे के साथ अधिक होता है क्योंकि उसके पास अन्य विकल्प नहीं होते सिवाय इसके कि किसी भी तरह से सिलेक्शन हो। अमीर घरों के बच्चों के पास बहुत से विकल्प और अवसर होते हैं।

एक बात यह भी है कि मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों पर अभिभावक यह अपेक्षा थोप चुके होते हैं कि उसके कोटा में एडमिशन पाने के बाद उनके सारे कष्ट दूर होने का द्वार खुल जाएगा। इस सपने को बुनते समय पैरेंट्स कभी यह नहीं देखते कि उनके बच्चे का 'पैशन' क्या है और उसमें पोटेंशियल कितनी है। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता कि हर जगह पैरेंट्स ही गलत होते हैं। लेकिन उन्हें वास्तविकता की तरफ मुड़कर देखने की जरूरत तो है। पैरेंट्स की इच्छाओं और उनकी अपेक्षाओं से संचालित अधिकांश छात्रों की अपेक्षाएं बड़ी होती हैं। यदि वे इंटरनल टेस्ट में अपेक्षा के मुताबिक नंबर नहीं ला पाते तो उन्हें लगने लगता है कि जिंदगी की लड़ाई में वे हार रहे हैं। यही टेंडेंसी उन्हें खुदकुशी के प्रयासों तक ले जाती है।

दरअसल, मिडल क्लास या लोअर मिडल क्लास फैमिली से आने वाला छात्र अपने माता-पिता के सपनों को साकार करना चाहता है, लेकिन वह सफलता सुनिश्चित करने की स्थिति में नहीं होता। ऐसे में हर इंटरनल टेस्ट के नंबर और ग्रेडिंग की हर लिस्ट उस पर प्रेशर बढ़ाने लगती है। दरअसल, कोचिंग सिस्टम ने अपना एक अलग ही करिकुलम बना रखा है जो हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति से काफी दूर है।

### सूडोकू नवताल-5266

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -5265 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## अपना ब्लॉग

### 'हिंदुत्व' की अभिव्यक्ति

मोहन। 'हिंदू राष्ट्र' कुछ सभ्यतागत और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार पर जीवन जीने के उस तरीके को दर्शाता है, जिसका अभ्यास भारत के लोग अपने दैनिक जीवन में करते हैं। ये परंपराएं और सभ्यतागत व सांस्कृतिक मूल्य 'हिंदुत्व' की अभिव्यक्ति हैं। अंग्रेजी में इसका अनुवाद 'हिंदूनेस' है। आरएसएस की विश्वदृष्टि यह है कि हिंदुत्व प्रत्येक मनुष्य के भीतर दिव्यता को पहचानने और साथ ही यह स्वीकार करने में निहित है कि पूजा पद्धति एक व्यक्तिगत मामला है और रिलीजन या पंथ केवल पूजा के एक विशिष्ट तरीके को दर्शाता है जो नितांत व्यक्तिगत मामला है। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के यीशु कॉलेज परिसर में हुई मोरारी बापू की राम कथा में 15 अगस्त को ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक का अनायास वहां पहुंचना और मंच से जय सियाराम का जयकारा लगाना ठश्रच को सियासी रूप से फायदेमंद नजर आ रहा है। पीएम सुनक के इस कदम ने ठश्रच का मनोबल बढ़ा दिया है। अगले चुनाव में मोरारी बापू से आशीर्वाद लेते हुए ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक के भी पोस्टर दिखने लगें, तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए।





## सीक्रेट शादी और वायरल तस्वीरों पर फूटा साई पल्लवी का गुस्सा

बीते कुछ दिनों से गार्गी फेम साई पल्लवी अपनी वायरल फोटोज की वजह से चर्चा में हैं। कहा जा रहा था कि एक्ट्रेस ने गुपचुप शादी कर ली है। इन तस्वीरों में वह फेमस तमिल फिल्ममेकर राजकुमार परियासामी के साथ नजर आ रही थीं। जहां वह माथे पर तिलक लगाए और गले में फूलों की माला डाले दिख रही थीं। तस्वीरों के सामने आते ही लोगों ने तरह तरह की बातें करना शुरू कर दिया। कुछ ने कहा कि वह राजकुमार संग शादी के बंधन में बंध गई है। लेकिन अब साई पल्लवी ने इन वायरल फोटोज पर रिएक्ट किया है। साथ ही गुस्सा भी जाहिर किया है। एक्स पर ट्वीट करके साई पल्लवी ने गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि वैसे तो वह गॉसिप्स पर ध्यान नहीं देती हैं। न ही उनके पास इतना समय होता है। लेकिन कभी कभी अती हो जाती है। इसी के साथ साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस साई ने सीक्रेट शादी वाली बातों पर रिएक्ट किया। साई पल्लवी ने लिखा, सच कहूं, मुझे अफवाहों से कोई फर्क नहीं पड़ता। मगर जब बात परिवार जैसे दोस्तों की आती है तो मैं चुप नहीं रहूंगी। हाल में ही मेरी फिल्म के पूजा सेरेमनी से जो तस्वीरें वायरल हुईं, उसे लेकर खूब बातें की गई। मगर सच ये है कि लोगों ने उन तस्वीरों को क्रॉप करके सर्कुलेट किया। गलत मंशा के साथ वायरल भी किया।

## विदेश में बेबीमून मनाकर वापस लौट आई हैं रुबीना दिलैक, मुंबई में हुईं स्पॉट

लॉस एंजेलिस में बेबीमून मनाने के बाद टीवी एक्ट्रेस रुबीना दिलैक अब इंडिया वापस आ चुकी हैं। मुंबई आने के बाद वो किसी काम से बाहर निकलीं तो पपाराजी ने उन्हें स्पॉट किया। उन्होंने व्हाइट कलर का टॉप पहना, जिसमें उनका बेबी बंप साफ झलक रहा था। हालांकि, कई लोगों को उनका ये रूप बिल्कुल भी पसंद नहीं आया। किसी ने श्फैशन डिजास्टरश कहा तो किसी ने पूछा कि आखिर उन्होंने पहना क्या है! रुबीना दिलैक ने करीब 6 दिन पहले इंस्टाग्राम पर प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी। उन्होंने बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए पति अभिनव शुक्ला संग फोटो शेयर की थी। हालांकि, इससे पहले उनके कई वीडियो लीक हो चुके थे, जिसमें फैंस को उनका बेबी बंप पहले ही नजर आ चुका था। अब रुबीना जब मुंबई आईं तब वो पहली बार पब्लिकली दिखाई दीं। उन्होंने ऐसा आउटफिट पहना था, जो लगभग ट्रांसपैरेंट था। उनका ये अवतार कुछ यूजर्स को पसंद नहीं आया। एक ने लिखा, इसने क्या पहना है? क्या इसने बेबी बंप शो ऑफ करने के लिए पैप्स को बुलाया है। दूसरे ने कॉमेंट किया, कितनी अजीब लग रही है ऐसे कपड़ों में। रुबीना और अभिनव ने साल 2018 में शिमला में शादी की थी।

## 13 किरदारों से सजा है मिशन रानीगंज का मोशन पोस्टर




बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार की नई फिल्म का हाल में ही ऐलान हुआ। इसका नाम है मिशन रानीगंज, जो सच्ची घटना पर आधारित है। अब मेकर्स ने मिशन रानीगंज का मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया है, जिसमें एक्टर के अलावा अन्य स्टारकास्ट भी दिख रही है। मालूम हो, हाल में ही परिणीति चोपड़ा और अक्षय कुमार से सजा गाना भी मेकर्स ने रिलीज किया था। मिशन रानीगंज में अक्षय कुमार और परिणीति चोपड़ा के अलावा कुमुद मिश्रा, पवन मल्होत्रा, दिव्येंदु भट्टाचार्य, मुकेश भट्ट, अक्षय वर्मा, इश्तियाक खान, दिनेश लांबा और वीरेंद्र सक्सेना जैसे बड़े कलाकार नजर आने वाले हैं। ये फिल्म कोल माइन रेस्क्यू मिशन पर आधारित है। पूजा एंटरटेनमेंट की श्मिशन रानीगंजश में अक्षय कुमार रियल लाइफ हीरो जसवंत गिल की भूमिका निभा रहे हैं। बताया तो ये भी जा रहा है कि फिल्म का ट्रेलर 25 सितंबर को रिलीज होने वाला है। जहां श्मिशन रानीगंजश की पूरी झलक देखने को मिलेगी।

# सोने के महल जैसा चमक उठा परिणीति और राघव की शादी का वेन्यू

*परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा आज से ठीक एक दिन बाद यानी रविवार 24 सितम्बर को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। परिणीति और राघव के साथ–साथ यहां उनके अपने और रिश्तेदारों के अलावा कुछ करीबी फ्रेंड्स भी पहुंच चुके हैं। उदयपुर से वेन्यू का खूबसूरत नजारा सामने आया है। परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा 24 सितम्बर को एक–दूसरे के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। ये ग्रैंड शादी उदयपुर के श्द लीला पैलेसश में हो रही है, जहां उनके परिवार और रिश्तेदारों के अलावा कई बड़ी हस्तियां मौजूद होंगी। दोनों की शादी से पहले प्री वेडिंग फंक्शन की शुरुआत हो चुकी है। इसी बीच उदयपुर से शादी के वेन्यू का खूबसूरत नजारा सबका दिल जीत रहा है, जो रात के अंधेरे में सोने की तरह दूर से ही चमकता दिख रहा है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



**भव्य और राजे-रजवाड़े वाले स्टाइल में होनेवाली शादी**

परिणीति और राघव चड्ढा के प्री वेडिंग फंक्शन शुरू हो चुके हैं। होनेवाले दूल्हा और दुल्हन शुक्रवार को ही उदयपुर पहुंच चुके हैं। उनके साथ ही परिणीति के माता–पिता भी उदयपुर पहुंचे। धीरे–धीरे मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो लगातार जारी है। इस वक्त हर किसी की निगाहें इनकी शादी पर टंगी हैं, जो काफी भव्य और राजे–रजवाड़े वाले स्टाइल में होनेवाली है। अब इस वेन्यू की जो खूबसूरत झलकियां इंटरनेट पर छाई हैं वो रात के अंधेरे की है। दूर से लिए गए इस वीडियो में श्लीला पैलेसश होटल सोने की तरह चमकता दिख रहा है।

**रविवार की शाम को होना भव्य रिसेप्शन का आयोजन**

बताया जा रहा है कि श्द लीला पैलेसश होटल का सबसे महंगा महाराजा सुइट इनकी शादी के लिए बुक किया गया है। इसकी कीमत कीमत कथित तौर पर प्रति दिन लगभग 10 लाख रुपये है। बताया जाता है कि ये सुइट्स 3500 वर्ग फीट में फैला हुआ है जहां से झील का खास नजारा दिखता है। चर्चा है कि दोनों की मेहंदी, हल्दी और संगीत सेरिमनी के बाद रविवार दिन में शादी होगी और फिर शाम को शानदार रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा।

# पापा राहुल वैद्य ने बिटिया रानी को सीने से चिपकाया

*दिशा परमार और राहुल वैद्य के घर नन्ही लक्ष्मी का जन्म हुआ है। अब हॉस्पिटल से दिशा और बच्ची को छुट्टी मिल गई है। इसी के साथ राहुल वैद्य की बेटी की पहली झलक वीडियो में देखने को मिली है। साथ ही सिंगर का रिएक्शन भी सामने आया है।*



हाल में ही पैरेंट्स बने राहुल वैद्य और दिशा परमार का लेटेस्ट वीडियो सामने आया है। अस्पताल से दिशा परमार और उनकी बेटी को छुट्टी मिल गई है। ऐसे में पैरेंट्स बनने के बाद पहली बार राहुल वैद्य अपनी वाइफ और बिटिया रानी के साथ स्पॉट हुए। साथ ही दोनों का रिएक्शन भी सामने आया है। सबसे खास बात ये है कि राहुल वैद्य 23 सितंबर को अपना बर्थडे भी सेलिब्रेट करते हैं। आइए राहुल वैद्य की बेटी की पहली झलक दिखलाते हैं। मालूम हो, दिशा परमार और राहुल वैद्य के घर गणेश चतुर्थी 2023 के दिन ही बेटी का जन्म हुआ था। इस गुड्न्यूज को सुनाते हुए राहुल वैद्य तो इमोशनल भी हो गए थे। वह शुरुआत से यही कहते आ रहे थे कि वह दिल से चाहते हैं कि उनके घर बिटिया रानी का जन्म हो। अब जब भगवान ने उनकी सुन ली तो वह फूले नहीं समा रहे।

**हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हुईं दिशा परमार और नन्ही बच्ची**

दिशा परमार और उनकी बेटी को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। ऐसे में राहुल बीवी और बेटी को घर लेकर जाते दिखे। इस दौरान उन्होंने बिटिया को अपनी गोद में लिया हुआ है तो दिशा बिना मेकअप के कॉर्ड–सेट में नजर आ रही हैं।

**राहुल वैद्य ने बेटी के जन्म पर क्या कहा**

राहुल वैद्य ने इस दौरान पपाराजी से बात करते हुए कहा, गणेश चतुर्थी के दिन हमारे घर लक्ष्मी आई हैं। आज मेरा बर्थडे है। इस दिन मेरी पत्नी और बेटी घर जा रहे हैं। इससे बड़ा गिफ्ट भला क्या हो सकता है। सभी का शुक्रिया जिन्होंने आशीर्वाद बनाए रखा।

**राहुल वैद्य और दिशा परमार की लव स्टोरी**

बड़े अच्छे लगते हैं 2 की एक्ट्रेस दिशा परमार और सिंगर राहुल वैद्य इंडस्ट्री के क्यूट कपल में से एक हैं। दोनों की लवस्टोरी सोशल मीडिया से शुरू हुई थी। राहुल के एक गाने को देखकर दिशा इंप्रेस हो गई थीं और उन्होंने सिंगर के पोस्ट पर कमेंट किया था। यहीं से दोनों की बातचीत शुरू हुई। फिर साल 2020 में राहुल वैद्य ने बिग बॉस 14 में एक्ट्रेस को प्रपोज किया। फिर साल 2021 में दोनों की शादी हो गई। अब 20 सितंबर 2023 को दोनों के घर बेटी का जन्म हुआ है।

# 100 साल जीने वाले लोग कभी नहीं छोड़ते ये काम

*आजकल छोटी–छोटी उम्र में डायबिटीज, फैटी लिवर, हार्ट डिजीज जैसी भयंकर बीमारी देखने को मिल रही हैं। जिसकी वजह से लोगों का जीवन बेहद सिमटकर रह गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनियाभर में कुछ ऐसी भी जगहें हैं, जहां के लोग 100 साल तक जिंदा रहते हैं। इन जगहों को ब्लू जोन कहा जाता है। ब्लू जोन में रहने वाले बुजुर्ग लोग भी बीमारियों से आजाद रहते हैं। कैलिफोर्निया के एक हिस्से को ब्लू जोन कहा जाता है। यहां रहने वाले लोगों की जीवनशैली बेहद हेल्दी होती है, जिनमें 5 आदतें प्रमुख होती हैं। आइए लंबी उम्र जीने के इन राज के बारे में जानते हैं।*



**हर दिन पर्याप्त घंटे सोते हैं**

बीमारी से दूर रहने के लिए नींद बहुत जरूरी है। यह आपके दिमाग को रिलैक्स करती है और सेल्स को रिपेयर होने का वक्त देती है। पर्याप्त नींद लेने से हार्ट अटैक, स्ट्रोक, कैंसर, डायबिटीज जैसी बीमारियों से मरने का खतरा बहुत कम हो जाता है।

**खाने में प्लांट बेस्ड फूड**

ब्लू जोन में रहने वाले लोगों की डाइट का करीब 95 प्रतिशत सिर्फ प्लांट बेस्ड फूड होते हैं। जिनमें सलाद, हरी सब्जियां, फल, फलियां, साबुत अनाज, नट्स आदि शामिल होते हैं। च्नइउमक पर मौजूद रिसर्च कहती है कि जो लोग मांसाहार छोड़कर पेड़–पौधों से मिलने वाली चीजें खाते हैं, उनमें दिल की बीमारी, कैंसर और अन्य बीमारी के कारण मरने का खतरा काफी कम हो जाता है।

**फास्टिंग का रखते हैं खास ख्याल**

लंबी उम्र का राज फास्टिंग से जोड़ा गया है। फास्टिंग करने से ब्लड कोलेस्ट्रॉल और बीएमआई कंट्रोल में रहता है, जो कि खुद में कई सारी बीमारियों की वजह बन सकते हैं। वहीं, ऐसे लोग भूख का सिर्फ 80 प्रतिशत ही खाते हैं। वो पूरा पेट भरने की गलती नहीं करते हैं।

**ज्यादा नहीं होने देते एल्कोहल**

ब्लो जोन में रहने वाले लोगों की डाइट का सबसे बड़ा हिस्सा एल्कोहॉल की मात्रा को लेकर है। ऐसे लोग कभी भी जरूरत से ज्यादा एल्कोहॉल नहीं पीते हैं। अत्यधिक होने पर यह हार्ट अटैक, कैंसर जैसी बीमारी पैदा कर देता है।

**नहीं छोड़ते एक्सरसाइज करना**

लंबी उम्र तक जीने के लिए एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी है और यह बात ब्लू जोन के लोग बहुत अच्छी तरह जानते हैं। नियमित एक्सरसाइज करने से ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और अंगों–मसल्स की क्षमता भी बढ़ती रहती है। एक्सरसाइज करने से कई सारी बीमारियां भी दूर रहती हैं।







## वक्त से पहले दांतों को हिला देगी कैल्शियम की कमी, खड़ा नहीं हो पाएगा ढांचा

कैल्शियम की कमी के लक्षणरू जब इस मिनरल का लेवल नीचे चला जाता है तो शरीर हड्डी, दांत आदि से कैल्शियम निकालने लगता है। जिसकी वजह से दांत हिलना, दांत टूटना, हड्डियों में दर्द, आसानी से फ्रैक्चर हो जाना, डिप्रेशन, कमजोर नाखून, हाथ–पैर में सुन्नपन आदि हो सकता है। शलजम एक गुणकारी सब्जी है, लेकिन आप इसके पत्तों का सेवन भी कर सकते हैं। इन पत्तों में हड्डियों और दांत मजबूत करने की ताकत होती है। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के मुताबिक 100 ग्राम टर्निप ग्रीन के अंदर 137 एमजी कैल्शियम होता है। इसके साथ आपको आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम, कॉपर भी मिल जाता है। हमारे देश में सरसों साग को काफी पौष्टिक माना जाता है जो कि बिल्कुल सच है। यह प्रोटीन, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, विटामिन के, कॉपर जैसे महत्वपूर्ण विटामिन व मिनरल देते हैं। इन पत्तों में कैल्शियम भी होता है, जो हड्डियों का ढांचा मजबूत रखने के लिए जरूरी है। अगर आपको दूध–दही से एलर्जी है तो भिंडी खाना शुरू कर दें। ये आपके दांतों को एकदम ठोस बना देगी। इसमें काफी कैल्शियम होता है, जो आपके शरीर को पर्याप्त पोषण दे सकता है। यह वेजिटेरियन फूड आपके दिल के लिए काफी अच्छा होता है और यह ब्लड शुगर को मैनेज करने के काम भी आती है।

## टॉयलेट में दम लगाते हैं तो सुबह–सुबह खाएं ये चीज

कब्ज एक बेहद आम समस्या है, जिससे बहुत ज्यादा लोग जूझ रहे हैं। कुछ लोग शर्मिंदगी के कारण इस समस्या के बारे में बात नहीं करते। लेकिन इसे इग्नोर करने के कई सारे साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसकी वजह से बीमारी ज्यादा गंभीर और खतरनाक बन सकती है। कब्ज का इलाज बहुत जरूरी है, वरना यह बवासीर, फिशर और फिस्टुला का कारण बन सकती है। ये बीमारियां काफी खतरनाक होती हैं और इनके इलाज के लिए खर्चीली सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। लेकिन आपको कब्ज से डरने की जरूरत नहीं है। क्योंकि एक फल की मदद से आप इसका घर पर ही इलाज कर सकते हैं। आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. चौताली राठौड़ ने कब्ज में अंजीर खाना फायदेमंद बताया है। हालांकि अगर आपको इससे फायदा नहीं मिलता तो किसी एक्सपर्ट डॉक्टर के पास जाना चाहिए। डॉ. चौताली राठौड़ के मुताबिक अपने दिन की शुरुआत 1–2 भीगे हुए अंजीर खाकर करनी चाहिए। यह कब्ज दूर करने के साथ एनर्जी देने का काम करता है। इसमें एंटी इंफ्लामेटरी और कैंसर विरोधी गुण होते हैं।

## 7 घंटे से कम सो रहे तो कभी भी पड़ सकता है हार्ट अटैक



आज की तेज भागती जिंदगी में लोग इतने व्यस्त हो गए हैं कि वो पूरी नींद लेना तक भूल जाते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक व्यस्क को औसतन 6 से 8 घंटे की नींद लेना जरूरी होता है। लेकिन कम नींद लेने और अनियमित नींद लेने के कारण लोगों को स्वास्थ्य की अनेक समस्याएं उत्पन्न होने लगी हैं। अनियमित नींद के कारण होने वाली स्वास्थ्य की एक बड़ी समस्या कार्डियोवैस्कुलर बीमारी है। नींद के कई महत्वपूर्ण कार्य होते हैं, जिनमें से एक है पूरे शरीर को सुकून देकर उसे रिकवर करना। नींद के दौरान हृदय की धड़कन और ब्लड प्रेशर स्थिर हो जाते हैं क्योंकि सांस की गति स्थिर और नियमित हो जाती है, जिससे शरीर और हृदय को आराम मिलता है, और वो फिर से रिकवर हो जाते हैं। लेकिन यदि नींद अनियमित हो, तो हृदय और शरीर ठीक से रिकवर नहीं कर पाते और हाईपरटेंशन, कार्डियेक बीमारी, हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। अनिद्राः इस स्थिति में व्यक्ति को नींद नहीं आती है, या फिर वह लंबे समय तक नींद में नहीं रह पाता है। इस स्थिति की वजह से उसे लंबे समय तक नींद की कमी हो जाती है, और उसका तनाव बढ़ जाता है।

# इस बीमारी में खाना तक भूल जाता है मरीज



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

कैंसर एक भयंकर बीमारी है, जिसमें शरीर के अंदर असामान्य बदलाव होने लगते हैं। कैंसर के लक्षण उसके प्रकार पर निर्भर करते हैं। कई बार ये लक्षण इतने कॉमन होते हैं कि इन्हें नॉर्मल दिक्कत समझ लिया जाता है। ऐसा ही एक ताजा मामला देखने को मिला है। एक महिला को दो बार आंत का कैंसर (बॉवेल कैंसर) हुआ और हर बार डॉक्टर तक उसके लक्षणों को पकड़ नहीं पाए। बताया कि दो बच्चों की मां हैं, जो हमेशा से एक हेल्दी इंसान रही हैं। वो अपने रेगुलर हेल्थ चेकअप को लेकर भी हमेशा सतर्क रहती थी। उनके पिता बॉवेल कैंसर की वजह से 50 की उम्र के बाद गुजर गए और दुर्भाग्य से उन्हें भी इस कैंसर को दो बार झेलना पड़ा।

**आए दिन महिलाएं झेलती हैं ये लक्षण**

उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं में प्रोटीन, आयरन और कैल्शियम कम होने का खतरा बढ़ जाता है। जिसकी वजह से कमर दर्द होना आम बात है। महिलाएं आए दिन इस समस्या का सामना करती हैं। मगर रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़ित महिला को भी 2017 में लगातार भयंकर कमर दर्द रहने लगा, जो कि आंत के कैंसर का पहला लक्षण था।

**डॉक्टर देते रहे दिलासा**

लगातार दर्द होने की वजह से महिला काफी परेशान हो गई थी



और आखिरकार उन्होंने डॉक्टर को जाकर दिखाया। डॉक्टर को उनके लिवर पर एक जख्म मिला। स्थानीय गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने महिला से कहा कि घबराने की कोई बात नहीं है। लेकिन फिर भी महिला को कुछ ठीक नहीं लग रहा था।

**रिपोर्ट देखकर उड़ गए होश**

Rollins को आखिर में स्टेप 4 का कोलन कैंसर पाया गया, जो कि उनके लिवर तक पहुंच चुका था। इस बात का खुलासा 2018 की शुरुआत में हुआ। उन्होंने पॉजिटिव सोच और ट्रीटमेंट की मदद से खुद को ठीक किया और करीब 4 साल तक कैंसर से पूरी तरह आजाद रही।

**मगर लौट आया डर और दिखा नया लक्षण**

जैसे ही महिला को लगा कि वो कैंसर से पूरी तरह निकल आई हैं तो उनका वजन अचानक से कम होने लगा। मल त्याग करने के बाद भी उन्हें पेट भारी लगता था। दर्दनाक गैस बनने लगी थी, जिसके बाद उन्होंने फिर से डॉक्टर के पास जाने का सोचा।

**डॉक्टर ने बताया हाइपरसेंसिटिव**

पिछली बार की तरह इस बार भी डॉक्टर उनके कैंसर को पकड़ नहीं पाए और उन्हें हाइपरसेंसिटिव बता दिया गया। मगर इस बार भी मितपत को कुछ ठीक नहीं लग रहा था और उनका डर सच साबित हुआ। इस बार बॉवेल कैंसर उनके रेक्टम और पेल्विक फ्लोर तक पहुंच चुका था और यह सोच से काफी ज्यादा बड़ा था।

**एक बार फिर जीती जंग**

पॉजिटिव सोच, ट्रीटमेंट और सपोर्ट की मदद से एक बार फिर महिला ने कैंसर को हरा दिया। अब वो कहती हैं कि अपने एक्सपीरियंस से वो दूसरों को भी मोटीवेट करना चाहती हैं कि किसी छोटी सी समस्या को भी नजरअंदाज ना करके सही वक्त पर इलाज लेना चाहिए।



महिला टीम ने सबसे अधिक किया निराश

भारत की महिला टीम ने सबसे अधिक निराश किया जो महिला ऐट इवेंट में पांच टीम की इवेंट में सात मिनट 5.71 सेकेंड के समय के समय के साथ अंतिम स्थान पर रही। चीन ने छह मिनट 33.61 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता। सोनाली स्वेन, रितु कौड़ी, प्रिया देवी थांगजाम, वर्षा कट्टाथारा, अश्वती पादिनजरायिल, मृणमयी सलगांवकर, तेंडेनथोई देवी हाओबिजम, रुकमणि और गीतांजलि गुरुगुबेली की टीम अन्य प्रतिद्वंद्वियों को कोई चुनौती पेश नहीं कर पाई।

## रोइंग एशियन गेम्स में मेडल की बरसात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगझोऊ। भारत के रोइंग खिलाड़ियों ने दो इवेंट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीते। सोमवार को एशियन गेम्स की वॉटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में अपने मेडल की संख्या को पांच तक पहुंचाया। दिन की शुरुआत जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनीत कुमार और आशीष गोलियान की टीम ने पुरुष फोर इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल के साथ की। इसके बाद बाद सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जाकर खान और सुखमीत सिंह ने पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। क्वाड्रपल स्कल्स में भारतीय टीम ने छह मिनट 8.61 सेकेंड का समय लिया। चीन को स्वर्ण जबकि उज्बेकिस्तान को सिल्वर मेडल मिला। भारतीय टीम शुरुआत में चौथे स्थान पर थी लेकिन 2000 मीटर की रेस के अंतिम 500 मीटर में वापसी के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। पुरुष फोर इवेंट में भी भारतीय चौकड़ी 2000 मीटर के अंतिम 500 मीटर से पहले चौथे स्थान पर चल रही थी लेकिन शानदार वापसी करते हुए छह मिनट 10.81 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रही। चीन ने बेहद मामूली अंतर से भारतीय टीम को पछाड़कर सिल्वर मेडल जीता। गोल्ड मेडल उज्बेकिस्तान की टीम के नाम रहा जिसने छह मिनट 4.96 सेकेंड का समय लिया।

# पहले तोड़ी चीन की हेकड़ी, फिर रचा इतिहास

एशियन गेम्स

## भारत के बंदूकबाजों ने एशियन गेम्स कर दिया धुआं-धुआं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हांगझोउ। भारतीय निशानेबाजों ने सोमवार को एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए टीम स्वर्ण पदक सहित तीन पदक जीते जिससे निशानेबाजी प्रतियोगिता में भारत दो दिन में पांच पदक जीत चुका है। विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल की अगुआई में भारत की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ मौजूदा एशियाई खेलों में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने इसके बाद व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में रुद्रांक्ष को पछाड़ा जो चौथे स्थान पर रहे।

आदर्श सिंह, अनीष भानवाला और विजयवीर सिद्धू की भारतीय तिकड़ी ने 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा में 1718 अंक से



इंडोनेशिया के साथ टाई रहने के बाद कांस्य पदक जीता। चीन ने 1765 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि दक्षिण कोरिया ने 1734 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। विजयवीर ने क्वॉलिफिकेशन में 582 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई। आदर्श (576) 14वें जबकि अनीष (560) 22वें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे।

ऐश्वर्य ने तीसरे स्थान के शूट ऑफ में रुद्रांक्ष को पछाड़कर 228.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। ऐश्वर्या पार्क हाजुन को पछाड़कर रजत पदक जीतने की दौड़ में शामिल थे लेकिन अंतिम शॉट पर 9.8 अंक के साथ बाहर हो गए। दक्षिण कोरिया के इस निशानेबाज को अंततरू रजत पदक जीता जबकि चीन के शेंग लिहाओ ने 253.3 अंक के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले रुद्रांक्ष, ओलिंपियन दिव्यांश पंवार और ऐश्वर्य की तिकड़ी ने क्वॉलिफिकेशन दौर में 1893.7 के कुल स्कोर के साथ चीन और दक्षिण कोरिया की मजबूत टीमों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कुल स्कोर का पिछला विश्व रिकॉर्ड 1893.3 अंक का था जिसे एक महीने से भी कम समय पहले चीन की टीम ने अजरबेजान के बाकू में विश्व चौंपियनशिप के दौरान बनाया था। दक्षिण कोरिया ने कुल 1890.1 अंक के साथ रजत पदक जीता जबकि 1888.2 अंक के साथ कांस्य पदक चीन की झोली में गया। भारत के एयर राइफल निशानेबाजों ने दबदबे वाला प्रदर्शन किया। उन्नीस साल के रुद्रांक्ष ने 632.5, तोमर ने 631.6 और दिव्यांश ने 629.6 अंक बनाए।

# वीरेंद्र सहवाग को शतक जमाने वाले गिल पर आया गुस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में इंदौर के होल्कर स्टेडियम में शानदार शतक जड़ा। अब इस बीच भारतीय टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गिल तूफानी पारी के बाद उनकी जमकर आलोचना की है।

सहवाग ने एक खेल वेबसाइट से बात करते हुए कहा कि ष्ह (गिल) पिछली बार चूक गए थे, लेकिन इस बार उन्होंने अपना शतक लगाना सुनिश्चित किया, लेकिन मैं फिर भी कहूंगा कि वे अभी जिस फॉर्म में हैं उन्हें 160 या 180 रन बनाने चाहिए थे। वह भी सिर्फ 25 साल के हैं। अगर उन्होंने आज 200 रन बनाए होते तो वह थकते भी नहीं और

गलती करने पर जमकर निकाली भड़ास

फील्डिंग भी कर सकते थे। 30 साल की उम्र में, उन्हें यह मुश्किल लगने लगेगा क्योंकि वह इतने युवा नहीं होंगे। इसलिए अभी बड़े स्कोर करना बेहतर है।

**दोहरा शतक जड़ सकते थे गिल**

सहवाग ने अपना विकेट जल्द गंवाने के चलते भी गिल की आलोचना की। सहवाग ने कहा कि जब आप फॉर्म में हों और रन बना रहे हों तो अपना विकेट मत गंवाए। जब गिल आउट हुए तब 18 ओवर और बचे हुए थे। अगर वह 9-10 ओवर और खेल लेते तो अपना दोहरा दोहरा शतक पूरा कर सकते थे। रोहित शर्मा ने तीन दोहरे शतक लगाए हैं। आज गिल के पास अवसर था। इस स्थान पर सहवाग



नाम के खिलाड़ी ने 200 रन बनाए हैं, क्योंकि यह उस तरह का मैदान है।

**गिल की पारीः** बता दें कि गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में 97 गेंदों में 104 रनों की अहम पारी खेली और श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 200 रन की साझेदारी की, जो किसी भी भारतीय जोड़ी द्वारा दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

## बर्लिन में 13वीं बार टूटा मैराथन का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जर्मनी के बर्लिन में बर्लिन मैराथन का आयोजन किया गया। बर्लिन मैराथन को दुनिया का सबसे मैराथन भी माना जाता है। 1974 में इसकी शुरुआत हुई थी और फ्लैट कोर्स होने की वजह से यहां 12 बार वर्ल्ड रिकॉर्ड टूट चुके हैं। पुरुषों में दुनिया के 8 सबसे तेज मैराथन बर्लिन में ही दौड़े गए हैं। रविवार को इसका 49वां संस्करण आयोजित किया गया। इस बार यहां महिलाओं की मैराथन का वर्ल्ड रिकॉर्ड टूटा। मैराथन में 42.195 किलोमीटर की दौड़ होती है। टाइगिस्ट असेफा ने इसे 2 घंटे 11 मिनट और 53 सेकेंड में पूरा कर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

टाइगिस्ट असेफा ने महिलाओं की मैराथन का वर्ल्ड रिकॉर्ड 2 मिनट से भी ज्यादा समय से तोड़ दिया। पिछला रिकॉर्ड केन्या की ब्रिगिड कोस्गेई के नाम था। उन्होंने 2019 में शिकागो मैराथन को 2 घंटे 14 मिनट और 4 सेकेंड में पूरा किया था। वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने पर टाइगस्ट असेफा ने कहा- मैं बहुत खुश हूं। मैं मैराथन विश्व रिकॉर्ड तोड़ना चाहती थी, लेकिन मैं सोच भी नहीं सकता था कि 2 मिनट 12 सेकेंड कम समय लूंगी।

## न्यूज डायरी



### श्रीलंका टीम को लगा बड़ा झटका, ये अहम खिलाड़ी हुआ बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में होने वाले वनडे विश्व कप की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है और सभी टीमों की तैयारियां लगभग अंतिम चरण में है। हालांकि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही श्रीलंका टीम को बड़ा झटका लगा क्योंकि टीम के प्रमुख आलराउंडर वानिंदु हसरंगा इस वैश्विक टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड की तरफ से अभी तक इसकी आधि ाकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन हसरंगा का विश्व कप में नहीं खेलना तय माना जा रहा है। श्रीलंका क्रिकेट के पास हसरंगा के रिप्लेसमेंट के लिए अब कुछ ही दिन का समय शेष है। हसरंगा पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट में हैमस्ट्रिंग चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे। वह इससे पहले एशिया कप में भी चोट के कारण हिस्सा नहीं ले सके थे। हसरंगा को यह चोट लंका प्रीमियर लीग के फाइनल से पहले लगी थी। हसरंगा का बाहर होना श्रीलंका के लिए इसलिए भी झटका है क्योंकि वह टीम के लिए पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। यहां तक कि विश्व कप क्वालीफिकेशन में भी उनकी भूमिका अहम रही थी। हसरंगा भारतीय वातावरण से पूरी तरह परिचित हैं और आइपीएल में भी बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहे थे। ऐसे में श्रीलंका को विश्व कप में उनकी कमी खलेगी। हसरंगा ने अब तक श्रीलंका के लिए 48 वनडे मैच खेले हैं और 832 रन बनाए हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल हैं।

### वॉर्नर पर भारी पड़ी हीरोपंती, आउट नहीं होने के बाद भी लौटना पड़ा पवेलियन!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला इंदौर में खेला गया। इस मैच में भारत ने क्रै के आधार पर 99 रनों से अपने नाम कर लिया। छोटे मैदान पर पहले खेलते हुए भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 400 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। इसके बाद दूसरे ही ओवर में कंगारूओं के दो बल्लेबाज आउट हो गए। मध्यक्रम में रविचंद्रन अश्विन ने तीन विकेट लेकर भारत की जीत पक्की कर दी। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और भारत के अश्विन के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। हम सभी को पता है कि डेविड वॉर्नर बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। लेकिन अश्विन के ऑफ स्पिनर को टैकल करने के लिए उन्होंने दाहिने हाथ से बैटिंग शुरू कर दी। ऑस्ट्रेलिया की पारी के 13वें ओवर में उन्होंने दाहिने हाथ से खेलते हुए अश्विन को चौका मारा। फिर एक रन ले लिया। 15वें ओवर में भी वॉर्नर ने दाहिने हाथ से ही अश्विन के खिलाफ बैटिंग की। लेकिन इस बार उन्होंने रिवर्स स्वीप करने की कोशिश की। इस कोशिश में उनका बैलेंस बिगड़ा और वॉर्नर गिर गए। रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में गेंद अश्विन के कैरम बॉल डेविड वॉर्नर के पैर पर जाकर लगी। अंपायर ने उन्हें विकेट के सामने माना और आउट करार दे दिया।

### इन सूरमाओं के सामने कांप उठे कंगारू, भारत को दिला दी एकतरफा जीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंदौर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए दूसरे वनडे में पूरी तरह से टीम इंडिया का दबदबा देखने को मिला। केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम ने कंगारुओं को डीएलएस मेथड के चलते 99 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने यह सीरीज भी अपने नाम कर ली। भारत इस समय सीरीज में 2-0 से आगे है। भारत को यह मैच जिताने में किसी एक खिलाड़ी का हाथ नहीं रहा। लगभग हर किसी प्लेयर ने शानदार प्रदर्शन किया। ऐसे में अब हम नजर मारेंगे उन पांच प्लेयर्स पर जो इस बड़ी जीत में टीम के हीरो रहे। भारतीय टीम के युवा ओपनर शुभमन गिल का बल्ला एक बार फिर आग उगल रहा है। भारतीय टीम के अनुभवी और दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में अपनी क्लास दिखाई। टीम इंडिया के स्टार मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का बल्ला भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में खूब बोला। अनुभवी बल्लेबाज और रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में टीम इंडिया के कप्तान केएल राहुल भी दूसरे वनडे में लय में नजर आए। आखिरकार वो दिन आ गए हैं जब ताबड़तोड़ बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का बल्ला वनडे फॉर्मेट में भी आग उगल रहा है। वनडे में लगातार अपने निराशाजनक प्रदर्शन के चलते आलोचना का शिकार होने वाले सूर्या के लिए यह वनडे सीरीज अब तक यादगार रही है। उन्होंने पहले मैच में फिफ्टी ठोकने के बाद दूसरे वनडे में भी तहलका मचाया है।



एसीएस राधा रतूड़ी मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### गांधी जंयती पर मदिरा व समस्त अनुज्ञापन रहेंगे बन्द

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने समस्त अनुज्ञापी देशी,विदेशी मदिरा, बीयर की फुटकर दुकान, आदि समस्त अनुज्ञापनों को आदेशित किया है कि 2 अक्टूबर गांधी जंयती के अवसर पर मदिरा दुकानों, समस्त अनुज्ञापनों का बन्द रखने के रखेंगे। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्र में आदेश का पालन करवाने के निर्देश दिए। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि आदेश का अनुपालन समस्त जनपद में कड़ाई से करना सुनिश्चित करेंगे तथा समस्त आबकारी निरीक्षक को निर्देश दिए कि अपने–2 क्षेत्रों में समस्त आबकारी अनुज्ञापनों को 02 अक्टूबर को पूर्णतया बन्द (सील) करना सुनिश्चित करेंगे।

### अक्टूबर को होगा गोष्ठी/मेले का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने अवगत कराया कि सांसद आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत चयनित ग्राम सभा जीवनवाला, विकाससखण्ड डोईवाला में 03 अक्टूबर को पंचायतघर जीवनवाला में प्रातः 10 बजे से गोष्ठी/मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त गोष्ठीध्मेले में पेंशन योजनाओं तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, आय, जाति प्रमाण पत्र बनाने, स्वाथ्य परीक्षण एवं दवाईयों का वितरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड बनाने, आधार बनाने, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की की नकल, दिव्यांगजनों के उपकरण बनाने एवं वितरण करने सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

### मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने लेजर प्रिंटर्स की स्मार्ट रेंज लॉन्च की

**संवाददाता** देहरादून। भारत में रिको प्रोडक्ट्स की विशिष्ट पार्टनर कंपनी, मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने अगली पीढ़ी के लेजर प्रिंटर्स की एक असाधारण रेंज पेश की है। यह पेशकश भारत में ऑफिस प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी को नया रूप देने की दिशा में उठाया गया कदम है। ये प्रिंटर्स उत्कृष्टता और उन्नति के जोश को प्रस्ध्तुत करते हैं जिसके लिए मिनोशा और रिको, दोनों मशहूर हैं।

### एक्सिस म्यूचुअल फंड ने जोखिम की समझ पर किये गए सर्वेक्षण के परिणाम का किया अनावरण

**संवाददाता** देहरादून। भारत में सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करती म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने भारतीय निवेशकों के बीच 'जोखिम की समझ' (रिस्क कॉम्प्रिहेंशन) का पता लगाने के लिए एक निवेशक सर्वेक्षण (इन्वेस्टर सर्वे) किया। सर्वेक्षण में एक्सिस एमएफ के देश भर के 1700 से अधिक निवेशकों ने भाग लिया।

# समाज के अन्तिम व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुंचाना हमारा लक्ष्य

**आवंटन**

■ आवास मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास के प्रपत्रों का किया आवंटन

**संवाददाता**



देहरादून। आवास मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल द्वारा विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास के प्रपत्रों का आवंटन किया गया। मंत्री ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत आवास विभाग द्वारा AHP घटक में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आवास विभाग द्वारा कुल 20 परियोजनाओं में कार्य किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि आवास एवं विकास परिषद द्वारा निजी विकासकों के सहयोग से हरिद्वार में संचालित बेलडी–रूडकी आवासीय परियोजना के तहत 628, श्यामनगर–गदरपुर आवासीय परियोजना, उधमसिंह नगर के अतंर्गत 238, गंगापुर–गोसाई आवासीय परियोजना, उधमसिंह नगर के अतंर्गत 120, तथा उकरौली–सितारगंज आवासीय परियोजना, उधमसिंह नगर के अतंर्गत 319 लाभार्थियों को आवास के प्रपत्रों का आवंटन किया गया।

मंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयन्ती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के कल्याण के मंत्र को साकार करते हुए समाज के अन्तिम व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयन्ती के अवसर पर आज समाज के अन्तिम छोर पर खड़े ऐसे 1305 लाभार्थियों को आवास आवंटन किये गये।

मंत्री ने कहा कि आवास आवंटन प्रक्रिया को पूर्णतया पारदर्शी बनाये जाने हेतु ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आवंटन के समय वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए भूतल में उनकों आवास आवंटन किये जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को ध्यान रखते हुए आवास आवंटन हेतु प्राथमिकता महिला को दी जा रही है अन्यथा की स्थिति में महिला एवं पुरूष को संयुक्त रूप से आवास आवंटन किया जा रहा है।

आवास मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा भारत सरकार से स्वीकृति के उपरान्त 20 परियोजना में जिनके कुल 15960 आवास बनाये जाने पर कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि अब तक 464 आवास निर्मित कर मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा लाभार्थियों को उपलब्ध कराये जा चुके है। उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद् द्वारा कुल 15 परियोजनाओं में 12865 ईडब्ल्यूएस आवासों पर कार्य किया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि उक्त समस्त आवास माह सितम्बर 2024 के पूर्व निर्मित कर लाभार्थियों को हस्तान्तरित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लाभार्थियों की सुविधा हेतु बैंकों एवं गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के माध्यम से आसान किश्तों में गृह ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

### डेंगू की रोकथाम के लिए प्रशासन को सजगता से करना होगा कार्य

**संवाददाता** देहरादून। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कुमाऊँ क्षेत्र में विशेषकर जनपद नैनीताल, उधमसिंह नगर, अल्मोड़ा, चंपावत व बागेश्वर के डीएम व सीएमओं को डेंगू से बचाव व रोकथाम हेतु प्रभावी समन्वय के साथ तत्काल कार्यवाही की हिदायत दी है। उन्होंने सीएमओ सहित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करते हुए जन जागरूकता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही एसीएस ने कुमाऊँ क्षेत्र में समुचित पेयजल, अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, मानव–वन्यजीव संघर्षों की घटनाओं के त्वरित समाधन तथा सड़कों को गडढा मुक्त करने हेतु सम्बन्धित विभागों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कुमाऊँ मण्डल में डेंगू नियंत्रण, अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, नैनीताल क्षेत्र में भू–स्खलन की स्थिति के बाद राहत सम्बन्धित कार्यों सहित विभिन्न जन समस्याओं का संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

# जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें: डीएम

**निर्देश**

■ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया जनसुनवाई का आयोजन

**संवाददाता**



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आज 96 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों में भूमि विवाद, भूमि सीमांकन, समाज कल्याण वृद्वावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, भूमि मुआवजा, भूमि अभिलेखों में नाम सुधार करने अतिक्रमण, ऋण माफ करने, पेयजल, विद्युत आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें, शिकायतकर्ता को भी शिकायत की स्थिति से अवगत कराएं।

जिलाधिकारी ने फरियादियों/शिकायतकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे अपनी शिकायतों के संबंध में स्वयं मिलें। किसी अन्य के माध्यम से पत्रध्आवेदन देने से बचें साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी अन्य द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे आवेदन पर शिकायतकर्ता से ही आवेदन प्राप्त करने को कहें।

जनसुनवाई में डोईवाला दुधली में ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर उपजिलाधिकारी डोईवाला को कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही भूमि के संबंध वन विभाग, राजस्व विभाग को संयुक्त निरीक्षण के निर्देश दिए। चकराता में मोटर मार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत पर उप जिलाधिकारी चकराता एवं लोनिवि के अधिकारियों संयुक्त निरीक्षण करवाते हुए अतिक्रमण चिन्हित करने तथा अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण डालनवाला क्षेत्र में संपति पर कब्जा करने तथा मारपीट की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश पुलिस के अधिकारियों को दिए गए।

### लार्वा का निरीक्षण एवं करते हुए जन–जागरूकता अभियान चलाया

**संवाददाता** देहरादून। शहर में जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका द्वारा गठित डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण एवं जन–जागरूता टीम एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने–2 वार्डों एवं कार्यक्षेत्रों में पहुचकर डेंगु मच्छर के प्रसार, लार्वा का निरीक्षण एवं करते हुए जन–जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में टीम द्वारा प्रचार सामाग्री वितरण, फॉगिंग एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से डेंगू के बारे में लोगों को जागरूकता करते हुए, घरों/प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लार्वा पाये जाने पर संबंधित लापरवाह लोगों का चालान कर अर्थदण्ड वसूला जा रहा है। साथ ही टीम द्वारा डेंगू के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु घर प्रतिष्ठानों एवं परिसर में बर्तन आदि पर एकत्रित हुई पानी को संबंधित के द्वारा गिरावा कर उन्हे डेंगू मच्छर के प्रति जागरूक किया जा रहा है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।